हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 10 जून 2026

11 नप में विकास ठप, पार्षदों का फूटा गुस्सा, आंदोलन ...



12 आंधी-बारिश से मौसम बदला पेड़ गिरे, बिजली...



### हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष की टिप्पणी को लेकर जताई नाराजगी

# नर्सिंग ऑफिसर्स ने की दो घंटे की सांकेतिक पैन डाउन हड़ताल

जनता की असुविधा को ध्यान में रखते हुए इमरजेंसी ड्यूटी चालू रखी

हरिभूमि टीम ▸▸ भिवानी

हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया द्वारा कुरुक्षेत्र के नागरिक अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर पर की गई टिप्पणी के विरोध में प्रदेशभर की नर्सिंग ऑफिसर्स में भारी आक्रोश है। मंगलवार को नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के आह्वान पर छोटे-बड़े सभी सरकारी अस्पतालों में नर्सिंग ऑफिसर्स ने दो घंटे की सांकेतिक पैन टाउन हड़ताल कर कामकाज ठप रखा। वहीं नर्सिंग ऑफिसर्स ने इमरजेंसी ड्यूटी चालू रखी, ताकि जनता को असुविधा न हो।

मंगलवार को नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन की राज्य प्रधान विनीता बांगड़ के मार्गदर्शन एवं राज्य सचिव अनीता के नेतृत्व एवं कार्यकारी अध्यक्षा कविता की अध्यक्षता में नर्सिंग ऑफिसर्स चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में एकत्रित हुई और सुबह 10 से 12 बजे तक दो घंटे की सांकेतिक पैन टाउन हड़ताल कर कामकाज ठप रखा। नर्सिंग ऑफसर्स ने हड़ताल के दौरान हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया के इस्तीफे व सार्वजनिक तौर पर मांफी मांगने की मांग उठाई। नर्सिंग ऑफिसर्स ने पीड़ित बच्ची के साथ हमदर्दी होने एवं उसे न्याय दिलवाने की मांग की। वहीं घटना की निष्पक्ष जांच करवाकर आरोपी चिकित्सक को फांसी की सजा देने की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हो। भिवानी के नागरिक अस्पतला समेत सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में नर्सिंग ऑफिसर्स ने एकजुटता दिखाई। वहीं बवानीखेड़ा के नागरिक अस्पताल और तोशाम में नर्सिंग ऑफिसर्स एवं कर्मचारियों ने दो घंटे की सांकेतिक पैन डाउन हड़ताल रखी और विरोध जताया।

इस दौरान भिवानी में नर्सिंग ऑफिसर्स ने ओपीडी, वार्ड और अन्य सेवाओं का पूर्णरूप से बहिष्कार किया। वहीं इमरजेंसी सेवाएं जारी रखी, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। नर्सिंग ऑफिसर्स ने कहा कि हम दिन-रात मरीजों की सेवा करते हैं। कोरोनाकाल में भी जान जोखिम में डालकर काम किया। कोरोना वॉरियर्स का नर्सिंग ऑफिसर्स को दर्जा दिया,



भिवानी। चौधरी बंसीलाल सामान्य अस्पताल की इमरजेंसी के बाहर नारेबाजी करती नर्सिंग ऑफिसर्स। फोटो : हरिभूमि

**किससे सम्मान की उम्मीद करें**

नर्सिंग ऑफिसर्स ने कहा कि महिला आयोग की चेयरपर्सन ही महिलाओं को ऐसे अपमानित करेंगी तो किससे सम्मान की उम्मीद करें। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। यह सिर्फ एक नर्सिंग ऑफिसर का अपमान नहीं, बल्कि पूरे नर्सिंग समुदाय का अपमान है, हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। महिला अधिकारों की रक्षा करने वाली संस्था की चेयरपर्सन का महिलाओं के प्रति ऐसा रवैया शर्मनाक है।

लेकिन महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने नर्सिंग ऑफिसर्स का अपमान करके उनके सम्मान को ठेस पहुंचाई है। भाटिया द्वारा नर्सिंग ऑफिसर एवं उनकी बेटी का अपमान करने का सभी ने खुलकर विरोध किया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर वरिष्ठ नर्सिंग ऑफिसर्स सरला, राजबाला, सुमन, इंदू, सीमा, सलेश, सुनीता, सुशीला, सीमा डूडेजा, शर्मिला, सोनिया, सीमा श्योराण, नरेश, प्रवीन, सचिन, वीरेंद्र सहित अनेक नर्सिंग ऑफिसर्स मौजूद रहे।



बवानीखेड़ा। सामान्य अस्पताल में हड़ताल के दौरान रोष जताती नर्सिंग ऑफिसर्स।

## नर्सिंग समुदाय स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ः पूनम देवी

**बवानीखेड़ा।** हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया द्वारा नर्सिंग ऑफिसर्स के संबंध में की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में मंगलवार को बवानीखेड़ा नागरिक अस्पताल की नर्सिंग ऑफिसर्स महासचिव पूनम देवी, सरोज, सुनीता, किरण, सुमन, बलकेश, मनेश, सुमन रानी आदि ने दो घंटे की सांकेतिक पैन-डाउन हड़ताल की। विरोध प्रदर्शन नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर प्रदेशव्यापी कार्यक्रम के तहत हुआ। सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सांकेतिक आंदोलन में नर्सिंग ऑफिसर्स ने नाराजगी को शांतिपूर्ण तरीके से व्यक्त किया। कर्मचारियों का कहना था कि नर्सिंग समुदाय स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ है और दिन-रात मरीजों की सेवा में समर्पित रहता है, ऐसे में किसी भी प्रकार की अपमानजनक टिप्पणी पूरे नर्सिंग वर्ग की गरिमा और सम्मान को ठेस पहुंचाती है। नर्सिंग स्टाफ ने कहा कि उनका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित करना नहीं, बल्कि अपनी भावनाओं और मांगों को सरकार व प्रशासन तक पहुंचाना है।

## नर्सिंग समुदाय के सम्मान को ठेस पहुंची



**तोशाम।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया द्वारा कुरुक्षेत्र में नर्सिंग ऑफिसर्स के संबंध में की गई कथित टिप्पणी एवं व्यवहार के विरोध में नर्सिंग ऑफिसर्स एवं कर्मचारियों में रोष व्याप्त है, जिसके चलते मंगलवार को तोशाम में नर्सिंग ऑफिसर्स एवं कर्मचारियों ने दो घंटे की सांकेतिक पैन डाउन हड़ताल रखी और विरोध जताया। इस दौरान उपमंडल अस्पताल तोशाम में नर्सिंग ऑफिसर्स ने दो घंटे रोष प्रदर्शन किया। इस मौके पर मौजूद वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी पिंकी, नीरू आदि ने कहा कि उक्त टिप्पणियों से नर्सिंग अधिकारियों की भावनाएं आहत हुई है तथा पूरे नर्सिंग समुदाय की गरिमा एवं सम्मान को ठेस पहुंची है। नर्सिंग अधिकारी दिन-रात मरीजों की सेवा में समर्पित रहते हैं और स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं, ऐसे में उनके सम्मान एवं पेशेवर प्रतिष्ठा के विरुद्ध की गई किसी भी टिप्पणी को स्वीकार नहीं किया जा सकता, जिसके विरोधस्वरूप उन्होंने दो घंटे की सांकेतिक पैन डाउन हड़ताल की है।

---

**खबर संक्षेप**

### बिजली-पानी को लेकर भाकिसं की बैठक 12 को

**भिवानी।** भारतीय किसान संघ की जिला स्तरीय बैठक 12 जून को कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित की जाएगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों को आ रही बुनियादी समस्याओं, विशेषकर बिजली और सिंचाई के पानी के संकट पर चर्चा कर समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाना है। संघ के युवा जिला प्रमुख पवन लक्ष्मणपुरा ने बताया कि भिवानी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में किसान अघोषित बिजली कटौती और पानी की कमी से परेशान हैं। इससे फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है और आगामी बुआई की तैयारियों पर भी असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बैठक केवल संगठनात्मक कार्यक्रम नहीं होगी, बल्कि किसानों की समस्याओं के सीधे समाधान का मंच बनेगी। किसानों की शिकायतों और मांगों को संबंधित विभागों के अधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा। इसके लिए विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है, ताकि मौके पर ही जवाबदेही तय की जा सके। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजमेर तथा जिला मंत्री संयुक्त रूप से करेंगे।

### केबल चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**लोहारू।** विभिन्न स्थानों से केबल चोरी की वारदातों में शामिल दो आरोपियों को लोहारू थाना पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस कप्तान के निर्देश पर मुख्य सिपाही संजय के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर चोरी की अन्य वारदातों का भी पता लगाने में जुटी है।जानकारी के अनुसार लोहारू निवासी गिरीश कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 25 मार्च को जलघर ट्यूबवेल, 6 फरवरी को पॉलिटेक्निक कॉलेज और 8 अप्रैल को देवीलाल स्टेडियम स्थित ट्यूबवेल से केबल चोरी हुई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बरवाला निवासी पवन और मंजीत के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने आर्थिक तंगी के चलते चोरी करना स्वीकार किया है। दोनों आरोपी आपस में जीजा-साला हैं और मजदूरी का काम करते हैं। पुलिस रिमांड के दौरान उनसे गहन पूछताछ कर रही है।

## मई के वंचित राशन वस्तुओं के वितरण की अवधि 15 तक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निर्णय अनुसार मई 2026 माह में आवश्यक वस्तुओं का लाभ प्राप्त करने से वंचित रह गए पात्र लाभार्थियों के लिए सरसों तेल एवं चीनी के वितरण की अवधि बढ़ाकर 15 जून तक कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि राशन वितरण संबंधी किसी भी शिकायत अथवा समस्या के लिए लाभार्थी विभाग के टोल फ्री नंबर 1800-180-2087 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके



अतिरिक्त जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक, भिवानी कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 01664-242125 पर भी शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक अपार तिवारी ने बताया कि जिन बीपीएल एवं अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) राशन कार्ड धारकों को मई माह में सरसों तेल और चीनी का वितरण नहीं मिल पाया था, वे अपने नजदीकी राशन डिपो पर जाकर पीओएस मशीन के माध्यम से बायोमैट्रिक सत्यापन करवाने के बाद 15 जून तक आवश्यक वस्तुएं प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा प्रत्येक बीपीएल एवं एएवाई राशन कार्ड पर एक लीटर सरसों तेल 30 रुपए में अथवा दो लीटर सरसों तेल 100 रुपए में उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा एक किलोग्राम चीनी 13.50 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से वितरित की जा रही है।

## शहीद बिरसा मुण्डा स्वतंत्रता आंदोलन के महत्वपूर्ण व्यक्ति थेः महेन्द्र पाल

आदिवासी धार्मिक सहस्राब्दी आंदोलन का किया था नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

शहीद बिरसा मुण्डा ने ब्रिटिशराज के दौरान 19वीं शताब्दी के अंत में बंगाल प्रेसीडेंसी अब झारखंड में हुए आदिवासी धार्मिक सहस्राब्दी आंदोलन का नेतृत्व किया, जिससे वह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गए, ये बात स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्रपाल यादव ने शहीद बिरसा मुण्डा के बलिदान दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कही। मुंडा ने बताया कि 1858-94 का सरदारी आंदोलन बिरसा मुंडा के उलगुलान का आधार बना जो भूमिज मुंडा सरदारों के नेतृत्व में लड़ा गया था। वर्ष 1894 में सरदारी लड़ाई मजबूत नेतृत्व की कमी के कारण सफल नहीं हुआ जिसके बाद आदिवासी बिरसा मुंडा के विद्रोह में शामिल हो गए।1 अक्टूबर 1894 को बिरसा मुंडा ने सभी मुंडाओं को एकत्र कर अंग्रेजों से लगान (कर) माफी के लिये आन्दोलन किया। इस अवसर पर सुरजभान बामला, बिजेन्द्र कोट, रणबीर संगावान, धर्मपाल ग्रेवाल, जसबीर फौजी, रामअवतार गुप्ता, सुरेश किराड़, रामपाल यादव, अमरसिंह यादव, प्रकाश धनाना, विद्यानन्द यादव, जंगबीर भैणी व रामनिवास आदि उपस्थित रहे।



भिवानी। शहीद बिरसा मुंडा को नमन करते स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन।

## सीआईए स्टाफ-2 ने जुआ खेलते पांच युवकों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

■ पुलिस ने आरोपियों से 27,450 रुपये किए बरामद

पुलिस सीआईए स्टाफ-2 भिवानी की टीम ने खाली प्लाट में ताश के पत्तों पर पैसे लगाकर जुआ खेलने के मामले में पांच युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सीआईए स्टाफ-2 भिवानी के मुख्य सिपाही ओमप्रकाश अपनी टीम के साथ गश्त ड्यूटी पर तोशाम बाईपास भिवानी क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि बी डी गुप्ता पार्क भिवानी के सामने स्थित एक खाली प्लाट में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर पैसे लगाकर जुआ खेल रहे हैं।

सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा बताए गए स्थान पर रेड की गई। रेड के दौरान पुलिस ने खाली प्लाट में ताश के पत्तों पर पैसे लगाकर जुआ खेल रहे पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रामोतार पुत्र भाल सिंह निवासी मीताथल, राजेश उर्फ राजा पुत्र रण सिंह निवासी गली नंबर-12 फ्रेंड्स कॉलोनी भिवानी, मनोज पुत्र वीरेंद्र निवासी तिगड़ाना जिला भिवानी, दिनेश पुत्र धर्मपाल निवासी सेक्टर-13 भिवानी तथा प्रमोद पुत्र प्रीतम निवासी तिगड़ाना जिला भिवानी के रूप में हुई है।

## बीएलओ एसआईआर के कार्य को गंभीरता से लें : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लोहारू

■ एसआईआर 2002 की मतदाता सूची को आधार मान कर करवाई जा रही

एसडीएम एवं 54-लोहारु विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी मनोज दलाल के सानिध्य में रानी लक्ष्मी बाई बहुतकनीकी संस्थान लोहारू में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) को लेकर बी एल ओ और सुपरवाइजर का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मनोज दलाल ने सभी बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देश दिया की वे आगामी 15 जून से शुरू होने वाले विशेष गहन पुनर्विक्षण अर्थात एसआईआर का कार्य गंभीरता व प्राथमिकता के साथ करें।

वे प्रत्येक मतदाता तक पहुँच कर उनकी वैधता जांचे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा लोहारू में एसआईआर मतदाता सूची के गहन पुनः निरीक्षण कार्यक्रम को निर्धारित समय और पारदर्शिता से पूरा करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह एसआईआर 2002 की मतदाता सूची को आधार मान कर करवाई जा रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चुनाव कानूगो सतीश शर्मा, श्यामसुन्दर सांगवान, नरेश ओला, सुशील जांगड़ा, राजेश, दीपक, प्राचार्य जयबीर श्योराण, कृष्ण कोठारी, संदीप कुमार मेचू, मनमोहन, सुनील परिहार, आनंद कुमार राजेंद्र राणा आदि मौजूद रहे।

## अघोषित बिजली कट से सरल केंद्र की सेवाएं ठप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बाढड़ा

उपमंडल मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय के सरल केंद्र में लगातार लग रहे अघोषित बिजली कट आमजन के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गए हैं। क्षेत्र के करीब पांच दर्जन गांवों के लोगों को भूमि रजिस्ट्री, जाति एवं रिहायशी प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य जरूरी कार्यों के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। कई मामलों में एक ही रजिस्ट्री कार्य पूरा करवाने के लिए लोगों को दो से तीन दिन तक चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

लोगों का आरोप है कि बिजली आपूर्ति के दौरान प्रतिदिन छह से आठ बार अघोषित कट लग रहे हैं, जिससे सरल केंद्र का पूरा कामकाज प्रभावित हो रहा है। बिजली जाते ही कंप्यूटर आधारित सेवाएं ठप हो जाती हैं और लोगों को लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता है। विशेष बात यह है कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जनवरी माह में लाखों रुपये की लागत से आधुनिक क्षमता वाला इनवर्टर उपलब्ध करवाया गया था, लेकिन अब तक इसके संचालन की व्यवस्था नहीं हो सकी है। परिणामस्वरूप यह इनवर्टर कार्यालय के एक कोने में धूल फांक रहा है और आमजन को राहत नहीं मिल पा रही। भूमि रजिस्ट्री की ऑनलाइन प्रक्रिया में सबसे अधिक दिक्कत आ रही है। आवेदन अपलोड होने के बाद कंप्यूटर ऑपरेटर, रजिस्ट्री लिपिक और तहसीलदार स्तर पर ऑनलाइन सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की जाती है। बार-बार बिजली बाधित होने से

*एक रजिस्ट्री के लिए लगाने पड़ रहे कई चक्कर*

*क्षेत्र के करीब पांच दर्जन गांवों के लोगों को घंटों करना पड़ता है इंतजार*

सामान्यतः एक घंटे में पूरा होने वाला कार्य कई दिनों तक लंबित रह जाता है। रजिस्ट्री व अन्य कार्यों के लिए पहुंचे अनिल, विकास कुमार, रवि, अजय,अशोक व राजेंद्र सहित अन्य लोगों ने बताया कि उनका कार्य कुछ ही मिनटों में पूरा हो सकता था, लेकिन लगातार बिजली कटों के कारण पूरा दिन इंतजार करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि बिजली बहाल होने के बाद भी सिस्टम को दोबारा शुरू होने में समय लगता है, जिससे कामकाज और अधिक प्रभावित होता है। सरल केंद्र प्रभारी बिशंबर जाटू ने बताया कि बिजली आपूर्ति में बार-बार आ रही बाधाओं की जानकारी बिजली विभाग को दी जा चुकी है। विभाग द्वारा भेजे गए बड़े इनवर्टर को भी जल्द चालू करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं एसडीओ रामसिंह ने कहा कि सरल केंद्र में बिजली आपूर्ति संबंधी समस्या की जानकारी उन्हें भी मिली है और इसके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने जिले की 36 ई-लाइब्रेरी कावीसी के माध्यम से किया उद्घाटन

## ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे घर बैठेकर सकेंगे तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला भिवानी की 36 अत्याधुनिक ई-लाइब्रेरियों का उद्घाटन किया। वहीं इन ई-लाइब्रेरियों के उद्घाटन अवसर पर जिले के विभिन्न गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें जनप्रतिनिधि, विकास एवं पंचायत विभाग से अधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

वीसी के माध्यम से अपना संदेश देते हुए मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार ग्रामीण युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और डिजिटल संसाधन उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। ई-लाइब्रेरियां ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए ज्ञान और अवसरों के नए द्वार खोलेंगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इन पुस्तकालयों का अधिकतम उपयोग कर अपने सपनों को साकार करें तथा प्रदेश और देश की प्रगति में योगदान दें। डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि जिले के बवानीखेड़ा, बहल, भिवानी, कैरू, लोहारू तथा तोशाम खंड के 36 गांवों में ई-लाइब्रेरियां स्थापित की गई हैं। इन ई लाइब्रेरियों पर 4 लाख रुपये से लेकर 16.24 लाख रुपये तक की राशि की लागत आई है। सबसे अधिक राशि लोहारू खंड के गांव धाणी टोडा में 16.24 लाख रुपये तथा ढाणी चांग में 15.47 लाख रुपये की धनराशि खर्च की गई, जबकि बड़दु मुगल में 15.32 लाख रुपये और चांग में 15.26 लाख रुपये की लागत से ई-लाइब्रेरी स्थापित की गई। उन्होंने बताया कि अजीतपुर में 14.03 लाख, बाजीना में 13.05 लाख, निमड़ीवाली में 10.72 लाख, हरियावास में 10.67 लाख, धनाना- तृतीय में 10.43 लाख सहित अन्य गांवों में भी आधुनिक सुविधाओं से युक्त पुस्तकालय स्थापित किए गए हैं। इन पुस्तकालयों में डिजिटल अध्ययन सामग्री, इंटरनेट सुविधा, कंप्यूटर आधारित संसाधन, अध्ययन कक्ष तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया गया है। आज के प्रतिस्पर्धी दौर में ग्रामीण युवाओं को शहरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। ई-लाइब्रेरियां विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उन्हें डिजिटल युग की चुनौतियों के लिए तैयार करेंगी।

**जिले के इन गांवों में शुरू हुई ई-लाइब्रेरी**

जिले में भैणी जाटान, भैणी ठाकरान, किरावड, सिवाड़ा, हरियावास, सेरला, सुधीवास, अजीतपुर, चांग, धनाना-III, ढाणी चांग, कालूवास, कौंट, खरक खुर्द, मधमाधवी, निमड़ीवाली, पालूवास, प्रेमनगर, तिगड़ाना, ढांगर, धरवाणबास, इंदीवाली, जुई खुर्द, कैरू-II, लेघा हेतवान, लोहानी, सिमलीवास, सुंगरपुर, बडदू मुगल, ढाणी तोडा, खरकड़ी, आलमपुर, बाजीना, देवावास, निगाना खुर्द तथा संडवा गांवों में इन ई-लाइब्रेरियों का शुभारंभ किया गया।



## धमाल 4 का पोस्टर जारी, अजय की पीठ पर बेताल की तरह संजय

**मुंबई।** लोकप्रिय और सफल कॉमेडी फिल्म 'धमाल' फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म धमाल 4 का पोस्टर जारी हो गया है जिसमें पागलपन भरे मनोरंजन की झलक अभी से साफ दिखने लगी है। फिल्म में अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी के अलावा ढेर सारे कलाकार हैं। फिल्म 'धमाल 4' सिनेमाघरों में उम्मीद से पहले रिलीज हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्ममेकर्स ने इसकी रिलीज डेट एक हफ्ते पहले करने का फैसला किया है। पहले यह फिल्म 17 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। अब इसे 10 जुलाई को रिलीज करने की प्लानिंग है। कहा जा रहा है कि 'अल्फा' 3 जुलाई को रिलीज हो रही है इसलिए 10 जुलाई का स्लॉट खाली है।

लाइफ Style

## जान्हवी



### पेद्दी से हटाए गए बोल्ड रोमांटिक सीन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म 'पेद्दी' 04 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में जान्हवी कपूर और राम चरण लीड रोल में हैं। हालांकि, फिल्म में जान्हवी के सीन को लेकर काफी आलोचना हुई हैं। इसके बाद उनके बोल्ड सीन फिल्म से हटा लिए गए हैं।

राम चरण और जान्हवी कपूर की फिल्म 'पेद्दी' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस फिल्म की तारीफ हो रही हैं। मगर, साथ ही आलोचनाएं भी हो रही हैं। फिल्म में जान्हवी कपूर को जिस तरह दिखाया गया है, उस पर विवाद शुरू हो गया। 'पेद्दी' में अभिनेत्री के कुछ गैर-जरूरी और बेहद बोल्ड सीन हैं। इसे लेकर सोशल मीडिया पर निर्देशक और मेकर्स को ट्रोल किया गया। निर्देशक बुची बाबू सना ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि जान्हवी कपूर के रोल को लेकर हुई आलोचना के बाद उन्होंने आखिरकार 'पेद्दी' से विवादित सीन हटा दिए हैं।

यह कदम उन शॉट्स और रोमांटिक सीन पर आपत्तियों के बाद उठाया गया, जिन्हें महिलाओं के प्रति अपमानजनक माना गया था। निर्देशक ने कहा कि जान्हवी कपूर को बहुत ज्यादा बोल्ड दिखाने वाले हिस्सों पर सोशल मीडिया पर हुए हंगामे के बाद उन्होंने 'पेद्दी' से कुछ सीन हटा दिए हैं। निर्देशक बुची बाबू ने 'इंडियन एक्सप्रेस' के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि जान्हवी वाले कुछ सीन को लेकर गलतफहमी बढ़ गई थी। जान्हवी के किरदार 'अचियम्मा' को कई लोगों ने गलत समझा। दर्शकों ने 'अचियम्मा' के किरदार को लिखे जाने के तरीके पर सवाल उठाए थे।

## हॉलीवुड मसाला



### नोलन की फिल्म के टिकट की कीमत ₹3300

**लॉस एंजिल्स।** इंटरस्टेलर, ओपेनहाइमर और इंसेप्शन' फेम दिग्गज डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन अपने अब तक के सबसे बड़े प्रोजेक्ट 'द ओडिसी' के साथ वापस आ रहे हैं। उनकी यह फिल्म 17 जून को दुनियाभर में रिलीज होने वाली है। वहीं, फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू होते ही इसके टिकट की कीमत ने हर किसी को दंग कर दिया है। देश के अलग-अलग शहरों में आईमैक्स शोज के लिए अलग-अलग टिकट प्राइस रखी गई है। सबसे हैरान कर देने वाली बात यह है कि मुंबई और पुणे में आईमैक्स स्क्रीन्स की प्रीमियम सीटों के लिए एक टिकट की कीमत 3,300 रुपए तक रखी गई है।




### कैटी और जस्टिन ट्रिबेका फेस्टिवल में साथ हुए शामिल

**लॉस एंजिल्स।** ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में सिंगर कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ने रेड कारपेट पर साथ में शिरकत की। यह फिल्म फेस्टिवल न्यूयॉर्क में हो रहा है। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो एक-दूसरे का हाथ थामे इस इवेंट में दिखे। पैपराजी को उन्होंने रोमांटिक अंदाज में फोटो पोज भी दिए। एक-दूसरे के इश्क में दोनों पूरी तरह से रंगे दिखाई दिए। ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में कैटी पेरी की नई डॉक्यूमेंट्री 'कैटी पेरीः द लाइफटाइम्स टूर लाइव फ्रॉम पेरिस' का प्रीमियर हुआ। बॉयफ्रेंड जस्टिन ट्रूडो कैटी पेरी को सपोर्ट करने इस इवेंट में पहुंचे थे। इस मौके पर दोनों का रोमांस भी फैंस को देखने को मिला। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो के अफेयर की खबरें साल 2025 में उड़ी थीं। समर वेकेशन में दोनों को पहली बार साथ देखा गया था। आगे चलकर कैटी पेरी ने जस्टिन ट्रूडो के साथ कुछ फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए।



## श्रद्धा ने प्रोफेशनल लुक में शेयर कीं फोटोज

**मुंबई।** मंगलवार को श्रद्धा कपूर ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं। वे ऑफिस में बैठी हैं। प्रोफेशनल लुक में तस्वीरें पोस्ट करते हुए श्रद्धा ने कैप्शन लिखा है, 'ऑफिस वाले अटेंडेंस लगाओ'। इसके बाद अभिनेत्री के इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। साथ ही मजेदार सवाल भी कर रहे हैं, जिनमें से कुछ का श्रद्धा कपूर ने भी जवाब दिया है। श्रद्धा कपूर के पोस्ट पर यूजर के ढेरों कमेंट आए हैं। तस्वीरों में श्रद्धा का पालतू कुत्ता भी है। इस पर एक यूजर ने लिखा, 'वह डॉग कितना किस्मत वाला है'। इस पर श्रद्धा ने लिखा, 'मैं लकी हूं उसे पाकर'। एक यूजर ने पूछा, 'दाल चावल खाकर सोने वाले क्या करें'? इस पर श्रद्धा ने लिखा है, 'उनके लिए रिटायरमेंट योजना है'। इसी तरह एक यूजर ने लिखा, 'कंस्ट्रक्शन साइट से अटेंडेंस लगाई है'।



## प्रहार-द उज्ज्वल... की रिलीज डेट जारी

**मुंबई।** फिल्म प्रहार- द उज्जवल निकम स्टोरी' इस साल अगस्त में रिलीज होगी। ट्रेड विश्लेषक तरण आदर्श ने मंगलवार को एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, 'दिनेश विजन और राजकुमार राव एक बार फिर साथ आ रहे हैं। फिल्म 'प्रहार - द उज्ज्वल निकम स्टोरी' की रिलीज डेट की घोषणा कर दी गई है। यह फिल्म 7 अगस्त को रिलीज होगी। मैडॉक फिल्म की 'प्रहार' में राजकुमार राव के अलावा वामिका गब्बी, सिकंदर खेर और जयदीप अहलावत जैसे सितारे भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशन की कमान अविनाश अरुण संभालेंगे। बता दें कि 'प्रहार' एक बायोग्राफिकल फिल्म है। यह फिल्म देश के सबसे प्रसिद्ध वकीलों में से एक उज्ज्वल निकम के जीवन से प्रेरित है।

## टीवी मसाला




### टीवी पर नहीं लौटूंगा, बंधना नहीं चाहता : राकेश बेदी

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में तारक मेहता के बॉस का किरदार निभाने वाले दिग्गज अभिनेता राकेश बेदी ने हाल ही में असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। एक्टर ने यह भी बताया कि वह टीवी पर रेगुलर रोल्स क्यों नहीं करना चाहते। एक बातचीत में राकेश ने कहा कि वह टीवी कॉन्ट्रैक्ट से बंधे नहीं रहना चाहते और 'तारक मेहता' में कम भुगतान मिलने के बारे में मजाकिया अंदाज़ में बात की। असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'दोस्ती आपसी सम्मान और तारीफ पर टिकती है। वरना यह टिकती नहीं, खासकर हमारी इंडस्ट्री में जहां हर कोई प्रोफेशनल है और लगातार आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा है। लोग अक्सर गलाकाट कॉम्पटिशन की बात करते हैं, लेकिन मैं इसमें विश्वास नहीं करता। मुझे लगता है कि मेरी प्रतिस्पर्धा सिर्फ खुद से है। मैं हमेशा पहले से बेहतर बनने की कोशिश करता हूं।' हमारी दोस्ती की बात करें तो हम सभी इसलिए जुड़े हुए हैं, क्योंकि असित ने इस शो को बनाया और हमने इसे एक टीम के रूप में मिलकर आगे बढ़ाया। दरअसल, असित और मैंने तारक मेहता से पहले हम सब एक हैं में साथ काम किया था। एक्टर ने असित मोदी पर अपने भरोसे के बारे में भी बात की और 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में कम कमाई करने को लेकर मजाकिया अंदाज़ में कहा, 'जब भी असित को मेरी जरूरत होती है, मैं उनसे अपने रोल के बारे में कभी सवाल नहीं करता, क्योंकि मुझे पता है कि वो मुझे एक अच्छा किरदार देंगे और मेरे लिए अच्छे सीन लिखेंगे। मैं उनसे पैसों के बारे में भी कभी नहीं पूछता।

### बिना फेक ड्रामे के शो चलेगा?

**नई दिल्ली।** टीवी पर सीता, राधा और लक्ष्मी जैसे किरदार निभाकर पहचान बनाने वाली शिव्या पठानिया जल्द रियलिटी शो 'स्पेक्ट्रा' में नजर आएंगी।



दिलचस्प बात यह है कि जिस दौर में रियलिटी शो की पहचान लड़ाई, विवाद और कंट्रोवर्सी से बनती है... उसी दौर में शिव्या ऐसे शो का हिस्सा बनी हैं, जहां इनमें से कुछ भी नहीं है। हालांकि, शुरुआत में उन्हें खुद भी शक था कि बिना फेक ड्रामे के कोई शो ऑडियंस को बांध पाएगा या नहीं। शिव्या ने कहा, 'सच कहूं तो शुरुआत में हमें भी यही लगता था कि बिना फाइट्स और फेक ड्रामे के क्या शो लोगों को एंटरटेन कर पाएगा? क्योंकि आजकल हर जगह वही देखने को मिलता है। लेकिन, जब हमने इस जर्नी को करीब से जिया तो महसूस हुआ कि लोगों को सिर्फ शोर नहीं चाहिए। लोग असली इमोशंस भी देखना चाहते हैं। कलाकारों की मेहनत, उनकी परेशानियां, उनके रिश्ते और उनके स्ट्रगल भी उतने ही दिलचस्प हो सकते हैं। वैसे, हर चीज को वायरल बनाने के लिए विवाद जरूरी नहीं होता।

## नए घर की बालकनी पर खड़े दिखे दीपिका और रणवीर...



**मुंबई।** दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं। इनका परिवार बढ़ेगा, ऐसे में बॉलीवुड का यह कपल अपने लिए नया घर बनवा रहा है। हाल ही में अपने नए घर को देखने के लिए दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह पहुंचे। इस मौके पर दीपिका का बेबी बंप साफ नजर आया। कपल की सोशल मीडिया पर यह वीडियो और कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, इन पर फैंस भी खूब प्यार लुटा रहे हैं। एक वायरल पोस्ट और वीडियो में दीपिका और रणवीर अपने नए घर की बालकनी पर खड़े नजर आ रहे हैं। दीपिका ने व्हाइट शर्ट और पैंट पहनी है। उनका बेबी बंप भी साफ नजर आ रहा है। प्रेग्नेंसी ग्लो दीपिका के चेहरे पर साफ नजर आने लगा है। दीपिका को घर दिखाते हुए रणवीर सिंह काफी उत्साहित दिख रहे थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं, यह खुशखबरी कपल ने अप्रैल महीने में फैंस के साथ शेयर की थी। इससे पहले उनकी एक बेटी दुआ है, वह लगभग दो साल की होने वाली है। हालिया सामने आए वीडियो में दीपिका का बेबी बंप भी साफ नजर आने लगा है। फैंस एक्ट्रेस पर खूब प्यार लुटा रहे हैं, सोशल मीडिया पर रिएक्शन दे रहे हैं। दीपिका पादुकोण शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' और अल्लू अर्जुन की फिल्म 'राका' कर रही हैं।

## ऋषिकेश में स्कूटी पर गमछे में चेहरा छिपाकर निकलीं रवीना, जानकी पुल पर लगाने लगीं जयकारे



**नई दिल्ली।** रवीना टंडन हाल ही में ऋषिकेश पहुंचीं, जहां पीले रंग के गमछे से मुंह छिपाकर पहले तो स्कूटी पर बैठीं। साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और 'हर हर महादेव' के जयकारे लगाने लगीं। रवीना टंडन इन दिनों आध्यात्मिक रंग में रंगी दिख रही हैं। एक्ट्रेस ऋषिकेश पहुंचीं, जहां भक्ति का रंग उनपर खूब चढ़ा दिखा। ऋषिकेश की गलियों में रवीना साड़ी में स्कूटी पर नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपना चेहरा पीले रंग के गमछे से छिपा रखा था। यहां स्कूटी से जानकी सेतू पार करती हुई रवीना परमार्थ निकेतन पहुंचीं। बताया जा रहा है कि रवीना यहां अपने दो दिनों की आध्यात्मिक यात्रा पर पहुंची थीं, जिसकी कुछ झलकियां उन्होंने सोशल मीडिया पर भी शेयर कर रखी थीं। हालांकि, इस वक्त उनके उस वीडियो की चर्चा है जिसमें वो जानकी सेतू स्कूटी से पार करते हुए हर हर महादेव के जयकारे लगा रही हैं। रवीना पहले अपना चेहरा गमछे से छिपाकर स्कूटी पर बैठीं। गमछे पर जय गोमाता जय गोपाल लिखा था। हालांकि, साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, उन्हें कुछ लोगों ने पहचान लिया और वे उनके पीछे चलने लगे। जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और दोनों हाथों को ऊपर कर महादेव के लिए जयकारे लगाने लगीं। एक्ट्रेस का ये सादा और भक्ति वाला रंग देख वहां मौजूद लोगों को ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर भी सबको काफी अच्छा लग रहा है। उन्हें वहां इस अंदाज में देखकर कई लोकल लोगों और टूरिस्ट ने उन्हें अपने मोबाइल में कैप्चर कर लिया। रवीना सीधे परमार्थ निकेतन पहुंचीं जहां उन्होंने कथा सुनी।

### मामा के सवाल पर छलके थे 12 साल के जतिन के आंसू

## राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था, राजकुमार की तरह पाला


*नई दिल्ली। राजेश खन्ना को बहुत छोटी सी उम्र में उनके माता-पिता ने किसी और को गोद दे दिया था। ऐसा करने के पीछे एक बड़ी और खास वजह थी। हालांकि, राजेश खन्ना को बचपन में ही गोद लिए माता-पिता ने किसी राजकुमार की तरह पाला था, लेकिन एक दिन उन्हें तब धक्का लगा, जब उनके मामा ने उनसे कुछ ऐसी बातें कही कि वो रोते हुए अपनी मां के पास पहुंचे थे।*

### अंकल-आंटी ने लिया था गोद

राजेश खन्ना को बचपन में ही उनके अंकल आंटी ने गोद ले लिया था। बचपन में लोग उन्हें जतिन खन्ना के नाम से जानते थे। ये बात कम ही लोग जानते हैं कि उन्हें उनके चाचा-चाची ने गोद ले लिया था। इसके पीछे भी एक इमोशनल कहानी है जिसके बारे में एक्टर कभी बात करना पसंद भी नहीं करते थे। बताया जाता है कि जतिन के माता-पिता से चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना ने उन्हें छोटी उम्र में ही उन्हें गोद ले लिया था। दरअसल, खन्ना की असली मां ने उनके जन्म से पहले ही अपने बच्चे को अपनी भाभी को सौंपने का वादा कर दिया था।

### गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे

राजेश खन्ना इस फैक्ट्स के बारे में बात करने से हमेशा बचने की कोशिश करते थे। एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने अपने बचपन में गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे। खन्ना अक्सर जब भी प्रेस से बातें करते थे अपने बचपन के बारे में बात करते समय अलग-अलग किस्से सुनाया करते थे।



### चुन्नीलाल निःसंतान थे

राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था उनका नाम चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना है, जो उनके रिश्तेदार यानी चाचा-चाची थे। दरअसल, एक्टर को गोद लेने के पीछे की वजह ये थी कि चुन्नीलाल खन्ना और उनकी पत्नी, निःसंतान थे। इसी वजह से राजेश खन्ना की अपनी मां ने संतान के रूप में उनका यह बच्चा सौंपने का वादा पहले ही कर दिया था।

### दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे

हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स ये भी बताते हैं कि जीवन से जुड़े इस राज ने जतिन के दिल और दिमाग पर गहरा असर डाला था। कहते हैं कि उन्हें उनकी मां लीलावती ने किसी राजकुमार की तरह पाला था और उन्हें लगने लगा था कि उनकी हर फरमाइशें पूरी होंगी। ऐसा अक्सर कहा जाता है कि बच्चों की हर फरमाइशें पूरी हों तो वे जिद्दी बन जाते हैं और राजेश खन्ना के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। यहीं से उन्हें ये लगने लगा था कि चाहे घर हो या स्कूल हर कोई बस उनपर ही ध्यान दें। जतिन अपनी इस दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे।

### जतिन की जिद्द हर दिन बढ़ने लगी

और तो और, बताया जाता है कि अगर अपने मन की न हो तो वो रोना भी शुरू कर देते थे। अब बेशुमार प्यार ने उन्हें भी बिगाड़ा और जतिन की जिद्द हर दिन बढ़ने लगी। उनके बचपन से जुड़ी एक घटना ने उनपर गहरा असर डाला। बताया जाता है कि उनके परिवार के करीब रहे एक शख्स ने इस बारे में बताया था जिसके बारे में बताया था, जिसमें उन्हें मामा से डांट पड़ने की कहानी है। ये वो घटना थी जो उन्हें पूरी जिंदगी याद रह गई।

### *पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी*

*एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने बताया था कि घर वापस आकर मां से उन्होंने पूछा था कि डिजर्विंग का मतलब क्या होता है, ऐसा क्यों है कि एक बेटा अपने बाप की कुर्सी पर बैठ नहीं सकता? इसके बाद मां लीलावती ने उनसे जो कुछ कहा वो राजेश खन्ना यानी जतिन के दिमाग में गांठ बनकर रह गई। इसके बाद चाई जी ने उनके पिता के स्ट्रगल की पूरी कहानी सुनाई कि कैसे चुन्नीलाल ने एक चॉल में रहकर मुंबई में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष किया था। कई साल की मेहनत के बाद वो मामूली से सुपरवाइजर के बाद रेलवे में कॉन्ट्रैक्टर बने थे। फिर चाई जी ने उनसे कहा, 'तुम्हारे मामा ने जो तुम्हें आज लायक बनने की बात कही है, उसका मतलब ये है कि जिस तरह वो मेहनत करके उस कुर्सी तक पहुंचे, तुम्हें भी वैसी ही मेहनत करनी होगी।' उस दौरान पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी थी। चाई जी ने कहा था, 'अगर अपने बुरे वक्त में भगवान को नहीं भूलते तो भगवान भी तुम्हें नहीं भूलता।' उस दिन उन्हें ये सबक समझ आ गया कि उन्हें जिंदगी में जो कुछ चाहिए, उसके लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।*

## खबर संक्षेप

### सम्मान समारोह को लेकर किया मंथन

**भिवानी।** दादरी गेट पर स्वर्णकार प्रतिभा सम्मान सेवा समिति की अहम बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के प्रधान देवदत सोनी ने की। बैठक में आगामी 23 अगस्त को समिति द्वारा आयोजित किए जाने वाले सम्मान समारोह को लेकर विचार-विमर्श किया। बैठक में सम्मान समारोह की जानकारी देते हुए प्रधान देवदत सोनी व महासचिव विनोद सोनी ने बताया कि समारोह में 10वीं, 12वीं, स्नातक व स्नातकोत्तर के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समारोह में 10वी व 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त विद्यार्थियों को तथा स्नातक व स्नातकोत्तर में 65 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश को मैडल दिलाने वाले खिलाड़ियो को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अन्य किसी क्षेत्र में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों का भी विशेष तौर पर सम्मान होगा।

### मानसून में जिले को हरा भरा बनाने की तैयारी

**भिवानी।** आगामी मानसून सीजन के दौरान हरियाणा में बड़े स्तर पर चलाए जाने वाले महा वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मंगलवार को एडीआर सेंटर के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) पवन कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा, ताकि हरित क्षेत्र का विस्तार हो और पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिल सके। बैठक में उन्होंने विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवा स्वयंसेवकों तथा पर्यावरण प्रेमियों ने भाग लिया। सीजेएम ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है। आगामी मानसून धरती को हरा-भरा बनाने का एक सुनहरा अवसर है।

### भाटिया का व्यवहार पद की गरिमा के विपरीत

**बाढड़ा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी माकपा ने हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया द्वारा कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी अस्पताल की स्टाफ नर्स के साथ किए गए कथित अपमानजनक व्यवहार की कड़ी निंदा करते हुए उन्हें तत्काल पद से हटाने की मांग की है। पार्टी ने कहा कि महिला आयोग की संस्था के प्रमुख पद पर बैठे व्यक्ति से संवेदनशीलता, निष्पक्षता और जिम्मेदारी की अपेक्षा की जाती है, लेकिन रेनू भाटिया का रवैया इन मूल्यों के बिलकुल विपरीत दिखाई देता है। माकपा जिला कमेटी सदस्य कामरेड सूमेर सिंह ने कार्यालय मेंपदाधिकारियों की बैठक में कहा कि कुरुक्षेत्र के अस्पताल में एक नाबालिग के साथ हुए यौन उत्पीडऩ के मामले में वास्तविक दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के बजाय महिला कर्मचारियों पर सवाल उठाना और उन्हें कटघरे में खड़ा करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

## पार्षदों ने चेयरमैन और अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप

# नप में विकास ठप, पार्षदों का फूटा गुस्सा, आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते जाते नगर पार्षद। फोटो: हरिभूमि

भिवानी शहर के विकास का पहिया पिछले चार सालों से पूरी तरह से थमा हुआ है। नगर परिषद के चेयरमैन व संबंधित अधिकारियों के रवैये से तंग आकर पार्षदों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। शहर के विभिन्न वार्डो के पार्षदों ने एकजुट होकर नगर परिषद प्रशासन, चेयरमैन और अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और उपायुक्त को शिकायत सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पार्षदों का आरोप है कि पहली हाउस की मीटिंग में जो प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए थे, उन्हें दुर्भावनापूर्ण इरादे एवं पक्षपातपूर्ण के चलते ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। हालत ये है कि खुद सत्ताधारी पार्टी से जुड़े पार्षद भी अपनी ही नगर परिषद के खिलाफ खुलकर मैदान में आ गए हैं। वार्ड नंबर 14 से पार्षद जयवीर रंगा ने आरोप लगाया कि चार साल का लंबा समय बीतने के बाद भी चेयरमैन और अधिकारियों की उदासीनता के कारण उनके वार्ड के विकास कार्य ठप हैं। वार्ड की दर्जनों गलियां कच्ची और बदहाल है, उनके वार्ड के साथ लगातार पक्षपात किया जा रहा है। वार्ड नंबर 13 से पार्षद कमलेश देवी ने कहा कि 33 फुटा रोड, ढाणा रोड और अन्य प्रमुख गलियां वर्षों से अधूरी और जर्जर पड़ी है। इसके अलावा ढाणा रोड की गली नंबर 5 और 8 में पिछले दो वर्षों से पीने के पानी की सप्लाई ठप है। डॉग फार्म के पीछे की कई गलियों में आज तक बिजली के खंभे तक नहीं लगे हैं, जिसकारण लोग दूर-दूर से जान जोखिम में डालकर तारें खींचने को मजबूर है।

> पार्षदों का आरोप है कि पहली हाउस की मीटिंग में जो प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए थे, उन्हें दुर्भावनापूर्ण इरादे एवं पक्षपातपूर्ण के चलते ठंडे बस्ते में डाल दिया

### पार्षद अनिल ने जताया रोष

वार्ड नंबर 16 से पार्षद अनिल ने अपनी हाउस मीटिंग के प्रस्तावों पर कोई कार्रवाई न होने पर कड़ा रोष जताया है। उन्होंने वार्ड में सफाई कर्मचारियों की भारी कमी, नूनसर पार्क में गंदा पानी भरे होने और स्ट्रीट लाइटों के अभाव का मुद्दा प्रमुखता से उठाया है। वार्ड नंबर 5 के पार्षद अंकुर कौशिक ने सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के तहत लोक सूचना अधिकारी को आवेदन देकर हांसी रोड, भिवानी पर बनाए जा रहे फुटपाथ, स्ट्रीट लाइट और विद्युत खंभों के टेंडर, वर्क ऑर्डर और बजट से संबंधित रिकॉर्ड मांग लिया है। मॉडल रोड पर संकुचित होते रोड का मुद्दा भी पार्षदों ने फिर उठाया तथा कहा कि इससे व्यापारियों को भारी नुकसान होगा।

### रुके हुए विकास कार्यों को समय सीमा तय कर शुरू करवाएं

*पार्षदों ने कहा कि मॉडल रोड से रेलवे स्टेशन पर जाने वाले लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि रोड संकुचित होने से उन्हें हर समय जान का खतरा बना रहेगा। वहीं भिवानी शहर के मुख्य चौकों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यकरण की परियोजनाओं को लेकर भी पार्षदों ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पार्षद जयवीर रंगा, कमलेश देवी, पार्षद मनीष गुरेजा, पार्षद विनोद प्रजापति, पार्षद अनिल कुमार, पार्षद प्रदीप कौशिक, पार्षद अंकुर कौशिक, पार्षद सुदामा सिंह व पार्षद सरला ने संयुक्त मांगपत्र सौंपकर शहर के मुख्य चौकों पर चल रहे सुस्त कार्यों पर गहरा असंतोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि निर्माण सामग्री चारों तरफ बिखरी होने के कारण दिनभर ट्रैफिक जाम रहता है और रात को रिफ्लेक्टर या सुरक्षा संकेतक न होने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। वहीं सौंदर्यीकरण कार्य में बेहद घटिया स्तर की निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे जनता के पैसे की सरेआम बर्बादी हो रही है। पार्षदों ने उपायुक्त को दो-टूक शब्दों में चेतावनी दी कि उनके वार्डों के रुके विकास कार्यों को समय-सीमा तय कर जल्द शुरू करवाएं।*



भिवानी। पानी की मांग को लेकर उपायुक्त कार्यालय जाती महिलाएं।

# बूंद-बूंद को तरसीं महिलाएं पहुंचीं लघु सचिवालय

- स्थानीय दादरी गेट और ढाणा रोड क्षेत्र में पिछले कई सप्ताह से आ रहा है दूषित पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गर्मी का पारा बढ़ने के साथ ही शहर में पीने के पानी की किल्लत गहराने लगी है। स्थानीय दादरी गेट और ढाणा रोड क्षेत्र में पिछले कई सप्ताह से आ रहे गंदे पानी और जल संकट से परेशान होकर इलाके की दर्जनों महिलाएं सड़कों पर उतर आईं। पेयजल किल्लत से परेशान महिलाएं सीधे लघु सचिवालय पहुंचीं और उपायुक्त से समाधान की गुहार लगाई।

महिलाओं के चेहरों पर साफ दिख रहा आक्रोश प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा था। लघु सचिवालय के बाहर महिलाओं ने जिला प्रशासन और जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ रोष जताया। स्थानीय क्षेत्रवासी अंगूरी देवी, सीमा, बबीता, सतीश मेहरा, प्यारेलाल, कविता, नीलम, पूजा, बिमला, संतोष, सुनीता, महेंद्र, मदन पार्षद वार्ड 13 का कहना है कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करने वाले नेता और अधिकारी अब उनके हालात देखने तक नहीं आ रहे हैं। पानी के अभाव में उनका जीवन नरक जैसा हो गया है।

### दिनचर्या प्रभावित

उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में पेयजल की भारी समस्या पिछले कई माह से बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पानी की कमी के कारण लोगों की दिनचर्या पूरी तरह पटरी से उतर गई है। उन्होंने कहा कि वे गरीब लोग हैं, रोज-रोज पानी के महंगे टैंकर कहां से खरीदें। यही नहीं जब वे संबंधित अधिकारियों को अपनी समस्याओं से अवगत करवाते है तो अधिकारी समाधान करना तो दूर उनकी समस्या तक सुनने को तैयार नहीं रहते। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही उनकी पेयजल संबंधी समस्या का समाधान नहीं होता है तो वे दादरी गेट मुख्य मार्ग पर जाम लगाने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# अटल पुस्तकालय का शुभारंभ

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। अटल पुस्तकालय का शुभारंभ करवाते हुए। फोटो: हरिभूमि

सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा व प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए पूरे प्रदेश में 350 नई अटल लाइब्रेरी की शुरुआत की गई। इसी कड़ी में नायब सिंह सैनी मुख्यमंत्री, हरियाणा के करें कमलो से कृष्ण लाल पंवार विकास एवं पंचायत मंत्री, हरियाणा की अध्यक्षता एवं कपूर सिंह वाल्मीकि विधायक हल्का बवानी खेड़ा की उपस्थिति में मंगलवार 9 जून 2026 को संपन्न हुआ।

इस अवसर पर संत रविदास समिति तिगड़ाना के प्रधान राजेंद्र थानेदार, महासचिव कर्मवीर दहिया, भाजपा नेता राजू फौजी , कैप्टन रविन्द्र सिंह, नवीन ठेकेदार, सूबेदार नंदराम, मास्टर दलवीर वाल्मीकि, मास्टर आनंद, धर्म सिंह, मास्टर सतबीर दहिया, प्रोफेसर दीपक दहिया, भोमराज जैलदार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, बच्चे व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# नर्सिंग स्टाफ को दोषी ठहराना गलत: बिमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

> रेनू भाटिया इससे पहले भी कई बार दे चुकी हैं महिला विरोधी बयान :अनुराधा

जनवादी महिला समिति, भिवानी जिला प्रधान बिमला घणघस, जिला सचिव अनुराधा व सीटू जिला सचिव कामरेड अनिल कुमार ने संयुक्त प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र के नागरिक अस्पताल में नाबालिग से यौन उत्पीड़न मामले पर हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणू भाटिया द्वारा 7 जून को अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ को सीधे तौर पर दोषी ठहराना, अपराधी डॉक्टर से मिलीभगत का आरोप लगाना और नर्स की बेटी का उदाहरण देकर निजी हमला करना बेहद आपत्तिजनक और असहनीय है।

स्टॉफ नर्सों पर इस अपराध का ठीकरा फोड़ना साफ तौर पर उन लोगों को बचाने का प्रयास नजर आता है जिन्होंने दागी डॉक्टर को दोबारा नियुक्ति दी। संगठन की नेताओं ने कहा कि रेनू भाटिया इससे पहले भी कई बार महिला विरोधी बयान दे चुकी हैं। यौन हिंसा आरोपी पूर्व मंत्री संदीप सिंह को क्लीन चिट देना, अपराधों के लिए युवा लड़कियों को ही दोषी ठहराना, धार्मिक ध्रुवीकरण को बढ़ाने के लिए कई मामलों में हस्तक्षेप करना आदि उदाहरण हैं। इस बार उन्होंने असली दोषी को बचाने और पहले से ही कम बोझ तले दबी कामकाजी महिलाओं को प्रताड़ित करने का प्रयास किया है।

संगठन की नेताओं ने कहा कि राज्य में महिलाओं व बच्चों पर अपराध निरंतर बढ़ रहे हैं। लिंगानुपात में गिरावट है । इसका एक कारण महिला विरोधी मानसिकता के लोगों का संवैधानिक पदों पर विराजमान होना है। संगठन की नेताओं ने कहा कि महिला आयोग जैसी संस्थाओं का गठन समाज में महिलाओं के दोयम दर्जे को समझते हुए उनकी बेहतर स्थिति बनाने की दिशा में काम करने के लिए किया गया था। ये आयोग जनवादी महिला समिति जैसे संगठनों व सम्पूर्ण प्रगतिशील आंदोलनों के संघर्षों का परिणाम हैं। सुश्री रेणु भाटिया के बयान से साबित होता है कि वे जिस जिम्मेदारी के पद पर विराजमान हैं, उन्हें उसके उद्देश्य, परिप्रेक्ष्य और दायित्व का रत्ती भर भी अहसास नहीं है। बहुत बार वे अपने पद की गरिमा के विपरित भाजपा सरकार की कठपुतली और आरएसएस की प्रचारक की तरह काम करती नजर आती हैं। ऐसी स्थितियों में मदद की उम्मीद में महिला आयोग के पास गुहार लगाने वाली महिलाओं के साथ वे न्याय नहीं कर सकती हैं।

जनवादी महिला समिति मांग करती है कि अध्यक्ष रेनू भाटिया को इस पद से हटाकर किसी ऐसी महिला को यह जिम्मेवारी दी जाए जो आयोग के उद्देश्य अनुरूप काम करे। कुरुक्षेत्र के दागी डॉक्टर की दोबारा नियुक्ति करने वालों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अस्पतालों में महिला डॉक्टरों, स्टाफ नर्सों, महिला अटैंडेंट की नियमित नियुक्ति की जाए।

# सरकारी अस्पताल से बाहर की दवा लिखने पर डॉक्टर होंगे चार्जशीट: मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने मंगलवार रेस्ट हाउस भवन में जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। सूत्र बताते है कि बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने डीडीपीओ है या नहीं, यह पूछा। जवाब मिला नहीं। बैठक शुरू हो गई। इस दौरान किसी ने कहा कि डीडीपीओ आ गए है। यह सुन स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कहां है? डीडीपीओ साहब खड़े हुए। तभी स्वास्थ्य मंत्री ने उन्हें बैठक से बाहर जाने को कहा। यह सुन डीडीपीओ बैठक से बाहर आ गए। बैठक में लेट आने पर डीडीपीओ प्रमोद कुमार को सस्पेंड करने के आदेश स्वास्थ्य मंत्री ने किए। स्वास्थ्य मंत्री का कहना था कि आज हमने डीडीपीओ को सस्पेंड किया है। इस मीटिंग के लिए डीसी ने डीडीपीओ को काफी समय पहले जानकारी दे दी थी। आज जब मीटिंग में कामकाज पर बात हुई तो सबसे ज्यादा काम डीडीपीओ के ही थे। साढ़े सात करोड़ या इससे भी ज्यादा के हो सकते है। उन पर मैंने उनसे पता करना था कि मेरे इन डेढ़ साल में कितने काम हो गए है। कितने पेंडिंग है और कितने शुरू ही नहीं हुए। डीडीपीओ साहब को इस बात की पहले से ही जानकारी थी, इसके बावजूद डीडीपीओ सही टाइम पर मीटिंग में नहीं पहुंचे। जब मीटिंग में सभी डीसी, जिला से जुड़ी मंत्री, विधायक और अन्य अफसर टाइम पर पहुंच गए, मगर डीडीपीओ साहब को कहीं ओर काम था। इसी वजह से उन्हें सस्पेंड किया है। इस बैठक के बाद स्वास्थ्य मंत्री मीडिया से रूबरू हुई और एक के बाद एक सवाल का जवाब दिया। उन्होंने डीसी से कहा है कि जो अफसर काम नहीं कर रहे है, उन पर जरूर कार्रवाई करें। इस मीटिंग का नोटिस भी काफी पहले चला गया था।

# सीबीएलयू में एआई कोर्स शुरू होगा

- विद्यार्थियों को नि:शुल्क एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) ऐड-ऑन कोर्स प्रदान करेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सशक्त एवं भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ऐड -ऑन कोर्स प्रारंभ करने का निर्णय लिया है।

दिन अकादमी का अफेयर्स प्रोफेसर सुनीता भरतवाल ने बताया कि यह पहल विश्वविद्यालय कि कुलगुरु प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी के मार्गदर्शन में आरंभ की जा रही है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को उभरती हुई तकनीकों से परिचित कराना तथा उनके कौशल और रोजगार संभावनाओं को बढ़ाना है। इस कोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मूलभूत अवधारणाओं मशीन लर्निंग, डाटा विश्लेषण, जेनरेटिव एआई टूल्स, एआई के नैतिक उपयोग तथा विभिन्न क्षेत्रों में इसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों की जानकारी प्रदान की जाएगी। यह कोर्स विश्वविद्यालय एवं उससे संबंधित महाविद्यालयों के पात्र विद्यार्थियों को पूर्णता निःशुल्क उपलब्ध करवाया जाएगा। कोर्स के संचालन में विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ अध्यापक तथा उद्योग जगत के विशेषज्ञ अपना योगदान देंगे। इसके अंतर्गत व्याख्यान, प्रायोगिक परीक्षण कार्यशालाएं तथा परियोजना आधारित शिक्षण गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### बुनियादी समझ विकसित होगी

विश्वविद्यालय का यह मानना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, व्यापार, प्रशासन एवं अनेक क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन ला रही है। ऐसे में सभी संकायों और विषयों के विद्यार्थियों के लिए एआई की बुनियादी समझ विकसित करना समय की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस ऐड ऑन कोर्स को उद्योग की आवश्यकताओं और अकादमिक शिक्षा के मध्य समन्वय स्थापित करने हेतु तैयार किया गया है।

# कितलाना में रोपे 108 पौधे

- पौधे लगाना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि धरती के प्रति हमारा ऋण है : सज्जन सोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

आज जिस प्रकार से पर्यावरण प्रदूषण व ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बढ़ रही है, उसका सबसे बड़ा कारण पेड़ों की अंधाधुंध कटाई है। ऐसे में पर्यावरण प्रदूषण की समस्या से निजात पाने के लिए जरूरी है कि प्रत्येक व्यक्ति पौधरोपण जैसी मुहिम को अपनाएं। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से भारत विकास परिषद् की भिवानी शाखा द्वारा गांव कितलाना स्थित श्रीकृष्ण गोशाला तथा संत गंगानाथ नर्सिंग कॉलेज परिसर में पहुंचकर फलदार, छायादार और औषधीय प्रजातियों के कुल 108 पौधे रोपे। इस पुनीत कार्य की सबसे विशेष बात यह रही कि परिषद् ने केवल पौधे लगाने तक अपनी जिम्मेदारी सीमित नहीं रखी, बल्कि सभी 108 पौधों की पूर्ण रूप से देखभाल करने और उन्हें वृक्ष बनाने का सामूहिक संकल्प भी लिया। इस मौके पर भारत विकास परिषद् भिवानी शाखा के पर्यावरण संयोजक सज्जन सोनी ने कहा कि आज जिस तरह से तापमान बढ़ रहा है और पर्यावरण असंतुलित हो रहा है, उसे देखते हुए पौधरोपण अब केवल एक शौक या औपचारिकता नहीं रह गया है, बल्कि यह हमारी धरती मां के प्रति एक नैतिक ऋण और हमारी आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व का सवाल है। उन्होंने बताया कि इस दौरान नीम, पीपल, बड़ (बरगद) जैसे 24 घंटे ऑक्सीजन देने वाले पेड़ों के साथ-साथ आंवला, जामुन, बेलपत्र और शहतूत जैसी फलदार व औषधीय प्रजातियां शामिल रहे।

### सरपंच प्रतिनिधि रहे उपस्थित

यह कार्यक्रम भारत विकास परिषद् की भिवानी शाखा की अध्यक्षा काजल नितिन अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जबकि नेतृत्व परिषद् के पर्यावरण संयोजक सज्जन सोनी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉ. शिव शंकर भारद्वाज, विशिष्ट अतिथि के रूप में गोशाला प्रधान समंदर सिंह तथा कितलाना गांव के सरपंच प्रतिनिधि रत्न सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे और पर्यावरण की इस मुहिम में अपना सक्रिय योगदान दिया।

## भीम स्टेडियम स्थित सदर थाना के पास बने शिव मंदिर में चल रही कथा

# श्रीमद्भागवत कथा एवं पूर्णाहुति यज्ञ संपन्न, उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

नृग राजा की कथा के माध्यम से दान और कर्मों के महत्व को समझाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भीम स्टेडियम स्थित सदर थाना के पास बने शिव मंदिर में धार्मिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यहां आयोजित श्रीमद्भागवत कथा एवं पूर्णाहुति यज्ञ के दौरान धर्म, ज्ञान और भक्ति का एक अनूठा महासंगम देखने को मिला, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत विधि-विधान से हवन यज्ञ के साथ की गई। इसके उपरांत प्रख्यात कथा वाचिका अनीता शास्त्री ने अपनी सुमधुर वाणी से उपस्थित भक्तों को विभिन्न पौराणिक कथाओं का रसपान कराया। कथा के दौरान उन्होंने मुख्य रूप से नृग राजा की कथा के माध्यम से दान और कर्मों के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि भगवान दत्तात्रेय के जीवन से सीख लेते हुए बताया कि प्रकृति और समाज की हर छोटी-बड़ी चीज से कैसे ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। अजामिल के प्रसंग को सुनाकर उन्होंने यह सिद्ध किया कि अंत समय में भी सच्चे मन से लिया गया भगवान का नाम इंसान का कल्याण कर सकता है। कथा के दौरान अनीता शास्त्री ने कुछ चुनिंदा भक्तों के साथ जीवन की सार्थकता विषय पर विशेष चर्चा भी की। उन्होंने बताया कि मानव जीवन ईश्वर की अमूल्य देन है और इसे केवल भौतिक सुखों में न गंवाकर धर्म, परोपकार और भक्ति के मार्ग पर लगाना चाहिए।

### श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया

इस अवसर पर भव्य पूर्णाहुति यज्ञ के बाद एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें मंदिर आए सभी श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। स्थानीय निवासियों और भक्तों ने इस सफल धार्मिक आयोजन के लिए आयोजकों और अनीता शास्त्री जी का विशेष आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### बीएलओ कार्य पूरी निष्ठा और पारदर्शिता से करें

**भिवानी।** एसडीएम एवं 57-भिवानी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी महेश कुमार की अध्यक्षता में स्थानीय पंचायत भवन में बीएलओ व सुपरवाईजर को मतदाता सूची का पुनरीक्षण बारे कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते एसडीएम महेश कुमार ने कहा कि सभी बीएलओ कम से कम एक दिन में 50 फार्म वितरित करें ताकि कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा हो सकें।

### आढ़तियों और मजदूरों के करोड़ों का भुगतान बकाया

**भिवानी।** हरियाणा में भाजपा सरकार के दावों और जमीनी हकीकत के बीच का अंतर एक बार फिर खुलकर सामने आ गया है। भिवानी जिले की अनाज मंडियों में गेहूं की सरकारी खरीद बंद हुए पूरा एक महीना बीत चुका है, लेकिन सरकार की ढुलमुल नीति और प्रशासनिक लापरवाही के कारण आज भी आढ़ती और मंडी मजदूर पाई-पाई को मोहताज हैं। इस गंभीर मुद्दे पर रोष प्रकट करते हुए कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी ने राज्य की भाजपा सरकार पर चौतरफा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पोर्टल और डिजिटल इंडिया का ढिंढोरा पीटने वाली सरकार ने मंडियों को बर्बादी के कगार पर ला खड़ा किया है।

### भीषण गर्मी से लोगों को मिली राहत, पारा गिरकर 41 डिग्री सेल्सियस पर आया

# आंधी-बारिश से मौसम बदला पेड़ गिरे, बिजली आपूर्ति बाधित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बवानीखेड़ा





भिवानी। बारिश के बीच गुजरता एक स्कूटी चालक व बवानीखेड़ा में बारिश और तेज अंधड़ से नहर व सड़क पर गिरा पेड़। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट बदली। तेज आंधी-तूफान के साथ शुरू हुई हलकी बारिश ने पूरे क्षेत्र को भिगो दिया। कई स्थानों पर हलकी ओलावृष्टि भी हुई। ओले ज्यादा देर तक नहीं गिरे लेकिन बूंदाबांदी व ओलावृष्टि से पारा तीन डिग्री सेल्सियस नीचे लुढ़क गया। लोगों को गर्मी से राहत मिली। चूंकि पिछले दो तीन दिनों से सूर्य देव की जबरदस्त तपिश से आमजन बेहद परेशान थे। आज हुई हलकी बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

शाम के वक्त मौसम सुहावना हो गया। दोपहर तक झुलसाने वाली गर्मी पड़ी। पारा 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया। लोग गर्मी से बचने के लिए कूलर, एसी के पास बैठे नजर आए। करीब तीन बजे तक इसी तरह का मौसम बना रहा। उसके बाद अचानक धूल भरी आंधी चलने लगी। कुछ देर बाद आसमान में छाए काले बादलों की गड़गड़ाहट सुनने लगी। करीब पौने चार बजे हवा ने ओर गति पकड़ी। धूल के गुब्बार में चहुंओर अंधेरा छा गया। कुछ देर बाद आंधी को चिर कर जमीन तक पानी की बूंदे गिरने लगी। शुरू में तो हलकी बूंदाबांदी थी,लेकिन जैसे ही हवा की गति पर ब्रेक लगे तो हलके ओलों के साथ बारिश तेज हो गई। करीब पांच मिनट तक आसमान से पानी बरसता रहा। उसके बाद बारिश थमी तो ढलान वाले इलाकों में थोड़ी जलभराव की स्थिति बनी,लेकिन जिसकी कुछ ही देर में निकासी हो गई। दूसरी तरफ हलकी बूंदाबांदी के बाद पारा औंधे मुंह गिरा। पारा लुढ़क कर 41 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। लोगों को गर्मी से राहत मिली।दूसरी तरफ दोपहर बाद बवानीखेड़ा व उसके आसपास के इलाकों में मौसम में आए इस बदलाव से पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से लोगों को बड़ी राहत मिली। बारिश शुरू होने से पहले तेज हवाएं चलीं, जिससे कई स्थानों पर पेड़ों की शाखाएं टूटकर गिर गईं। कुछ जगहों पर बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई। अचानक बदले मौसम के कारण बाजारों में मौजूद लोगों को सुरक्षित स्थानों की ओर भागना पड़ा। वहीं, खेतों में कार्य कर रहे किसानों ने भी बारिश से बचने के लिए आश्रय लिया । कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति देखने को मिली, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

**मौसम सुहावना हुआ**

हालांकि बारिश के बाद तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई और वातावरण पूरी तरह से सुहावना हो गया। ओलावृष्टि के कारण बच्चों और युवाओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। क्षेत्र के बुजुर्गों का कहना है कि जून माह में इस प्रकार की ओलावृष्टि कम ही देखने को मिलती है। किसानों के अनुसार बारिश जहां एक ओर गर्मी से राहत लेकर आई है, वहीं कुछ फसलों और सब्जियों को नुकसान पहुंचने की आशंका भी बनी हुई है।



भिवानी। अटल पुस्तकालय का उद्घाटन करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### पालुवास में अटल पुस्तकालय का उद्घाटन

## ग्रामीण युवाओं को मिलेगी आधुनिक सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

ग्रामीण अंचल में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने और युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए गांव में ही विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गांव पालुवास में अटल पुस्तकालय का उद्घाटन समारोह आयोजित किया। यह आधुनिक पुस्तकालय ग्रामीणों और विशेषकर छात्र वर्ग के लिए बड़ी सौगात है।

इस परियोजना का सफल आयोजन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार और बवानीखेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि के कुशल मार्गदर्शन व दूरगामी सोच के तहत हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. महेंद्र सिंह चौहान ने की। समारोह में पहुंचने पर ग्रामीणों और युवाओं ने मुख्यतिथि व अन्य गणमान्य व्यक्तित्वों का जोरदार स्वागत किया। द्वीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए समारोह में शिक्षा और समाज के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की। डॉ. महेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि गांवों का विकास तभी वास्तविक रूप से संभव है, जब हमारे ग्रामीण युवाओं के पास शिक्षा के बेहतरीन संसाधन मौजूद हों। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री कृष्ण पंवार और विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि के मार्गदर्शन में तैयार अटल पुस्तकालय केवल भवन नहीं, बल्कि पालुवास और आसपास के युवाओं के सपनों को उड़ान देने का केंद्र बनेगा। डॉ. चौहान ने कहा कि आज के डिजिटल युग में पुस्तकालयों का डिजिटल होना अनिवार्य है।

## पानी की छबील पर प्लास्टिक गिलास देखकर डीसी सख्त, दी सख्त हिदायत

**प्लास्टिक का प्रयोग सभी के लिए खतरनाक, सीवर नाले होते हैं जाम**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी



चरखी दादरी। पानी छबील पर प्लास्टिक का प्रयोग छोड़ने कि अपील करते उपायुक्त

प्लास्टिक अंधाधुंध और लापरवाही भरा उपयोग हमारे पर्यावरण, पशुधन और मानव स्वास्थ्य के लिए एक साइलेंट किलर साबित हो रहा है। यही वो प्लास्टिक सीवर नालों को भी जाम करता है, जिसके कारण जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है। ऐसे में कोई भी नागरिक अथवा संस्था जल सेवा के दौरान प्लास्टिक के निस्तारण पर विशेष ध्यान दें। परशुराम चौक के पास लगाई गई पानी की छबील पर उपायुक्त मनदीप कौर ने लोगों से यह अपील की। उपायुक्त नए लघु सचिवालय भवन का जायजा लेकर वापस अपने कार्यालय आ रही थी कि अचानक उनकी नजर पानी की छबील पर पड़ी, जहां प्लास्टिक के गिलास बिखरे मिले। डीसी ने तुरंत अपनी गाड़ी रुकवाकर वहां जलसेवा कर रहे लोगों से हाथ जोड़कर अपील की और कहा कि ऐसी सेवा का कोई फायदा नहीं है जो भविष्य में परेशानी का सबब बने, इसलिए जलसेवा के दौरान प्लास्टिक के निस्तारण पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के इसी घातक प्रभाव को देखते हुए आम जनता को जागरूक होने और इसके उपयोग को तुरंत सीमित करने की सख्त आवश्यकता है। बाजारों और रास्तों पर फेंका गया प्लास्टिक आज बेजुबान गोवंश और अन्य पशुओं के लिए काल बन रहा है। प्लास्टिक की थैलियां खाने से यह प्लास्टिक पशुओं के पेट में जमा हो जाता है। इससे असमय ही अनगिनत गायों और अन्य पशुओं की दर्दनाक मौत हो रही है, जो कि अत्यंत चिंताजनक है।

### गांव संडवा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया

## शुगर, बीपी, लीवर, स्त्री रोग, सहित अन्य बीमारियों की जांच की गई



**तोशाम।** तोशाम। कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी के निर्देश पर पंडित नेकीराम शर्मा मेडिकल कॉलेज भिवानी द्वारा गांव संडवा स्थित पीएचसी में निःशुल्क कैंसर जांच शिविर लगाया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें बीमारियों से बचाव की जानकारी दी। शिविर में शुगर, बीपी, लीवर, स्त्री रोग, सर्जरी सहित अन्य बीमारियों की भी जांच की गई। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी के प्रतिनिधि एडवोकेट हरिसिंह सांगवान ने शिविर का निरीक्षण किया और लोगों से इसका लाभ लेने की अपील की।उन्होंने कहा कि समय पर कैंसर की पहचान बेहद जरूरी है और सरकार ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। शिविर में मेडिकल कॉलेज के कई विशेषज्ञ डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों ने सेवाएं दीं।

## उपायुक्त ने दिए नए लघु सचिवालय का काम तुरंत पूरा करने के निर्देश

- लघु सचिवालय भवन निर्माण कार्य का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी



चरखी दादरी। निर्माणाधीन लघु सचिवालय का निरीक्षण करते उपायुक्त मनदीप कौर ।

उपायुक्त मनदीप कौर ने घसोला रोड पर निर्माणाधीन लघु सचिवालय के बचे हुए अंतिम काम को तुरंत पूरा करने के निर्देश दिए हैं और कहा है कि जनता की सुविधा को देखते हुए जिला प्रशासन के कार्यालयों को जल्द से जल्द नए लघु सचिवालय भवन में शिफ्ट करना जरूरी है। ताकि लोगों को सभी विभागों से संबंधित सरकारी सेवाएं एक ही छत के नीचे मिल सकें। उपायुक्त मंगलवार को सुबह लघु सचिवालय भवन के कार्य का जायजा लेने पहुंची थी। इस दौरान उन्होंने जिला के आला अधिकारियों के साथ भवन की मंजिलों पर जाकर कार्य का जायजा लिया।

उन्होंने कहा कि दादरी में जिला स्तरीय लघु सचिवालय भवन की बेहद आवश्यकता है। फिलहाल प्रशासन के कार्यालय अलग अलग स्थानों पर चल रहे हैं, जिसके चलते लोगों को सरकारी कार्यों के लिए कई स्थानों पर जाना पड जाता है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि भवन में जो भी छोटा मोटा कार्य बचा है, उसको तुरंत पूरा करवाएं। अगर किसी दूसरे विभाग से संबंधित कार्य है तो उस विभाग संपर्क करके लंबित काम को तुरंत करवाएं। उन्होंने वन विभाग को निर्देश दिए कि लघु सचिवालय परिसर की चारदीवारी के साथ साथ जल्द बढ़ने वाले पेड़ लगाएं। साथ ही परिसर के अंदर लोक निर्माण विभाग से निशानदेही लेकर पौधरोपण करवाना सुनिश्चित करें।

### सरल उपाय अपनाकर राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण में आमजन दे योगदान

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ईंधन बचत अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने जिला के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों व नागरिकों से अपील की कि वे दैनिक जीवन में ईंधन संरक्षण से जुड़े सरल उपाय अपनाकर राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। डीसी श्री गुप्ता ने कहा कि सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी नियमित आवागमन के लिए जहां संभव हो सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। इसके अलावा कार पूलिंग और राइड शेयरिंग को बढ़ावा देकर ईंधन की खपत कम की जा सकती है। उन्होंने कहा कि कम दूरी के लिए पैदल चलने और साइकिल के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, जिससे स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ ईंधन की बचत भी होगी। साहिल गुप्ता ने कहा कि अनावश्यक यात्राओं से बचें तथा दैनिक जीवन के विभिन्न कार्यों को एक ही यात्रा में पूरा करने की योजना बनाएं।

## महंगाई, बेरोजगारी और पेपर लीक से जनता त्रस्त : सुशील

- जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक जिला अध्यक्ष ने सरकार पर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी




चरखी दादरी। बैठक को संबोधित करते कांग्रेस जिला प्रधान सुशील धानक।

जिला कांग्रेस कार्यालय मासिक बैठक जिला अध्यक्ष सुशील धानक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ प्रदेश एवं देश से जुड़े विभिन्न जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए, जिला अध्यक्ष सुशील धानक ने कहा कि आज प्रदेश की जनता बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था, बिजली-पानी की समस्याओं और लगातार सामने आ रहे पेपर लीक घोटालों से परेशान है, लेकिन भाजपा सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के बजाय केवल प्रचार-प्रसार में व्यस्त दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ हो रहा है और रोजगार के अवसर कम होते जा रहे हैं। बैठक में विशेष रूप से एसआईआर निरीक्षण अभियान की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर रणनीति तैयार की गई। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि कांग्रेस पार्टी जनहित से जुड़े प्रत्येक मुद्दे को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेगी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव रणसिंह मान, पूर्व विधायक धर्मपाल सांगवान, पूर्व विधायक सोमवीर सिंह, किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय कन्वीनर राजू मान, संगठन महासचिव एडवोकेट आनंद सिंह , राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष महेंद्र सोनी, जिला कोषाध्यक्ष सुनील, इंटक जिला अध्यक्ष मनीराम, कार्यालय सचिव रामनिवास पिचोपा आदि उपस्थित रहे।

### मई का राशन मिलेगा 15 जून तक

**भिवानी।** हरियाणा सरकार के खाद्य एवं पूर्ति विभाग के निर्णय अनुसार जिन लाभार्थियों को मई में आवश्यक वस्तुओं का वितरण नहीं हो सका था। उनके लिए आवश्यक वस्तुओं के वितरण की अवधि 15 जून तक बढ़ाई गई है। इसलिए मई में वंचित रह गए लाभार्थी आवश्यक वस्तुएं नजदीकी डिपो धारकों से पीओएस मशीन के माध्यम से बायोमेट्रिक पंच करने उपरांत दिनांक 15 जून तक प्राप्त कर सकते हैं। विभाग द्वारा प्रत्येक बीपीएल/एएवाई राशन कार्ड पर 30 रूपये प्रति लीटर की दर से तथा 100 रूपए का 2 लीटर सरसों तेल व 13.50 रूपये की दर से 01 किलोग्राम चीनी वितरित की जा रही है।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

**नारेबाजी** बवानीखेड़ा में किसान संगठन का विरोध, सुन्दर ब्रांच में 15 दिन पानी देने की मांग

# बिजली-पानी संकट और महंगाई पर सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते किसान। फोटो: हरिभूमि

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन (एआईकेकेएमएस) ब्लॉक कमेटी बवानीखेड़ा की एक बैठक ओमप्रकाश मदेरना की अध्यक्षता में गाँव बोहल की मैन चैपाल में सम्पन्न हुई, जिसमें विशेष प्रस्ताव पास किया गया कि सुन्दर ब्रांच में महीने में 15 दिन पूरा पानी दिया जाए। संगठन ने इस क्षेत्र में बिजली-पानी की भारी किल्लत के समाधान की मांग की। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के महत्वपूर्ण घटक एआईकेकेएमएस ने सी250प्रतिशत के हिसाब से सभी फसलों का एमएसपी लागू कर खरीद का गारंटी कानून बनाने की भी मांग की। इसके अलावा पेट्रोल, डीजल, कमर्शियल गैस सिलेंडर, रसोई गैस आदि के दामों में की गयी बढ़ोतरी के खिलाफ एआईकेकेएमएस कार्यकर्ताओं ने मिलकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया, नारे लगाये और सरकार से तेल और गैस की बढ़ी हुई कीमतों को वापस लेने की मांग की। इस अवसर पर संगठन के ब्लॉक कमेटी सदस्य मास्टर हनुमान रोहिला ने कहा कि सरकार भारत की साम्राज्यवाद-विरोधी गौरवशाली परंपरा के उलट अमेरिकी साम्राज्यवाद की ओर झुकती जा रही है। उन्होंने मांग की कि भारत सरकार साम्राज्यवादियों के दबाव में वहां से महंगा कच्चा तेल खरीदने की बजाय रूस, ईरान आदि देशों से, जहां से सस्ता तेल मिलता है, वहां से खरीदे और तेल पर लगाए हुए भारी टैक्स कम करके आम जनता को आधे रेट पर तेल दे। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला प्रधान रोहताश सिंह सैनी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जब क्रूड ऑयल के दाम गिरे और जब रूस से सस्ता तेल खरीदा, तो भी सरकारी और निजी बड़ी-बड़ी तेल कंपनियों ने तेल के रेट नहीं घटाये, लोगों को कोई राहत प्रदान नहीं की और प्रतिदिन अरबों-खरबों का मुनाफा कमाया। अब भी तेल कंपनियों को कोई घाटा नहीं हो रहा है। पहले से 'अपूर्ण वसूली' को घाटा बताकर तेल कंपनियों द्वारा की गई दाम बढ़ोतरी एकदम से नाजायज है और पहले से गरीबी, महंगाई व बेरोजगारी से बेहाल आम जनता पर भयंकर आर्थिक हमला है। अमेरिका-ईरान युद्ध का फायदा उठाते हुए केंद्र सरकार ने पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए तेल व गैस के दाम बढ़ाये हैं। इससे आम जनता के जनजीवन पर बहुत बुरा असर पड़ेगा। आज बिजली-पानी मूलभूत जरूरतें हैं। ये उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी बनती है, लेकिन सरकार जनता को बिजली और पीने का पानी तक पूरा उपलब्ध नहीं करवा पा रही है।

## बंद पोर्टल के खिलाफ निर्माण मजदूरों ने सरकार का पुतला फूंका



**भिवानी/सिवानी।** सयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा के आह्वान पर भिवानी के निर्माण मजदूर 11 महिने से बंद श्रम कल्याण पोर्टल खोले जाने, रद्द किया गया पंजीकरण बहाल करने, निर्माण यूनियनों का तसदीक का अधिकार देने, निर्माण मजदूरों के काटे गए गरीबी रेखा के राशन कार्ड बहाल करने, छात्रों को मिलने वाली छात्रवृति व आवास योजना का तुरंत लाभ देने, मनरेगा के पुराने कानून को बहाल करने की मांग को लेकर 12 जून को नेहरू पार्क भिवानी में होगी मजदूर महापंचायत करेगे व सरकार की शवयात्रा निकाली जायेगी। महापंचायत की तैयारियों के लिए बडेसरा, बामला, कालुवास, गुजरानी, मिताथल, बावडी गेट भिवानी में मजदूरों की बैठक की गई व मुख्यमंत्री नायाब सैनी व श्रम मंत्री अनिल विज का पुतला दहन किया गया। यह प्रैस ब्यान भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा, भिवानी जिला सचिव अनिल कुमार, ब्लांक प्रधान महाबीर सिंह व ब्लांक सचिव धर्मबीर बामला ने सयुक्त रूप से जारी किया। प्रैरस नोट जारी करते हुए यूनियन नेताओं ने बताया कि देश व प्रदेश की भाजपा सरकार के मजदूर विरोधी निर्णयों के चलते निर्माण व मनरेगा मजदूरों में रोष बढ रहा हैं। भाजपा सरकार भ्रष्टाचार के बहाने से निर्माण मजदूरों के बोर्ड को पिछले 1 साल से बंद किया हुआ हैं। 95 प्रतिशत निर्माण मजदूरों के पंजीकरण रद्द कर दिए गए हैं।